दैनिक जागरण 19/01/2025

पूरा देश संघ की तपस्या, सेवा व संगठन से परिचित : बनवीर

आरएसए द्वारा आयोजित जन गोष्ठी मे शामिल लोगों को संबोधित करते वक्ता • विज्ञप्ति

आरएसए द्वारा आयोजित जन गोष्ठी में शामिल लोग • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में संघ की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में सोमवार को जीएमएन कालेज में प्रमुख जन-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनवीर क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख तथा प्रांत बोधिक प्रमुख भूपेश मुख्य वक्ता के रूप में रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा व मुख्य अतिथि के रूप में डा. रोहित दत्त प्रधानाचार्य जीएमएन कालेज उपस्थित रहे। मंच संचालन जीवन जोशी कार्यक्रम संयोजक ने किया।

- **आरएसएस द्वारा आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में संघ की 100 वर्ष की यात्रा, पंच परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण पर विमर्श**

बनवीर ने कहा कि आज पूरा देश संघ की तपस्या, सेवा और संगठन शक्ति से परिचित है। उन्होंने संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन्म से ही देश भक्त थे। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए संघ की नींव केवल 10-15 बालकों के साथ रखी थी। संघ के विस्तार के लिए नागपुर से डा. हेडगेवार ने जो युवा स्वयंसेवक देश के विभिन्न भागों में भेजे उन्होंने डा. हेडगेवार जी के त्याग, अनुशासन और देशभक्ति के अनेक प्रसंग बताए। भूपेश ने कहा कि पंच परिवर्तन से हम समाज में अद्भुत परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नागरिकों से सामाजिक और वैचारिक बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प को समाज द्वारा अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। डा. रोहित दत्त ने आधुनिक शिक्षा पर जोर देते हुए इसकी विशेषताओं पर जोर दिया और संघ कैसे समाज में कार्य कर रहा है उसकी प्रशंसा की। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा ने की।